मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 11

अनुक्रमांक [redacted]

नाम [redacted]

# 102/2 305(MZ)

## 2017

## सामान्य हिन्दी

### द्वितीय प्रश्नपत्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 50

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

1. निम्नलिखित अवतरणों का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 4 + 4 = 8

क) अस्य निर्माणाय अयं जनान् धनम् अयाचत् । जनाश्च महत्यस्मिन् ज्ञानयज्ञे प्रभूतं धनमस्मै

HSC.co.in

प्रायच्छन्, तेन निर्मितोऽयं विशालः विश्वविद्यालयः भारतीयानां दानशीलतायाः श्रीमालवीयस्य यशसः च प्रतिमूर्त्तिरिव विभाति । साधारणस्थितिकोऽपि जनः महतोत्साहेन मनस्वितया, पौरुषेण च असाधारणमपि कार्यं कर्त्तुं क्षमः इत्यदर्शयत् मनीषिमूर्धन्यः मालवीयः एतदर्थमेव जनास्तं महामना इत्युपाधिना अभिधातु मारब्धवन्तः । महामना विद्वान् वक्ता, धार्मिको नेता, पटुः पत्रकारश्चासीत् ।

**अथवा**

प्रातः सुभाषमनवलोक्य सर्वे कारागार निरीक्षकाः आश्चर्यचकिता जाताः । भृशमन्विष्यापि तं प्राप्तुं नाशक्नुवन् । कारागाराद् बहिरागत्य सुभाषः वेष-परिवर्तनं विधाय पुरुषपुर (पेशावर)



HSC.co.in

नगरमगच्छत् । तत्र उत्तमचन्द्रनाम्नः वणिजो गेहे कञ्चित् कालमवसत् । ततश्च आंग्लशासकैः अवधानपूर्वकं निरीक्षणे कृतेऽपि 'जियाउद्दीन' इति नाम्ना 'जर्मन' देशं गतः । तत्रत्य शासकेन हिटलर नामकेन सह मैत्रीं विधाय वायुयानेन जयपाणि (जापान) देशं गतः ।

ख) न चौरहार्यं न च राजहार्यं

न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि

व्यये कृते वर्द्धत एव नित्यम्

विद्याधनं सर्वधनप्रधानम् ।

**अथवा**

वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि

लोकोत्तराणां चेतांसि को नु विज्ञातुर्महति ।



HSC.co.in

2. निम्नलिखित सूक्तियों में से किसी **एक** की सन्दर्भ-सहित हिन्दी में व्याख्या कीजिए : 4

i) सम्पत्तौ च विपत्तौ च महतामेकरूपता ।

ii) न्यायात् पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः ।

iii) शठे शाठ्यं समाचरेत् ।

3. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किन्हीं **दो** के अर्थ लिखते हुए उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए :

$2 + 2 = 4$

i) एक ही लकड़ी से हाँकना ।

ii) कच्चा चिट्ठा खोलना ।

iii) कान पकड़ना ।

iv) आये थे हरिभजन को ओटन लगे कपास ।

v) घर फूंक तमाशा देखना ।

vi) गाँव का जोगी जोगना आन गाँव का सिद्ध ।



HSC.co.in

4. क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कर लिखिए : 1 + 1 + 1 = 3

i) 'रामावतारः' का सन्धि विच्छेद है

अ) रामा + वतारः

ब) रामाव + तारः

स) राम + अवतारः

द) रम + वतारः ।

ii) 'चन्द्रोदयः' का सन्धि विच्छेद है

अ) चन्द्रे + दयः

ब) चन्द्रा + उदयः

स) चन्द्र + उदयः

द) चन्द्रो + दयः ।



HSC.co.in

iii) 'भवनम्' का सन्धि विच्छेद है

अ) भेव + नम

ब) भो + अनम्

स) भव + नम्

द) भवन + अम ।

ख) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए : 1 + 1 = 2

i) तरंग-तुरंग

अ) मन की लहर और शीघ्र

ब) लहर और घोड़ा

स) ध्वनि और घोड़ा

द) तेज आवाज और धीमी आवाज ।



HSC.co.in

ii) परुष-पुरुष

अ) पौरुष और आदमी

ब) पुरुषार्थ और व्यक्ति

स) कठोर और आदमी

द) गाली और नम्रता ।

ग) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द के दो अर्थ लिखिए : 1 + 1 = 2

i) नाक

ii) नाग

iii) कौशिक ।

HSC.co.in

घ) निम्नलिखित वाक्यांशों में से किन्हीं **दो** के लिए **एक-एक** शब्द लिखिए : 1 + 1 = 2

i) तीव्र बुद्धिवाला ।

ii) दूसरों के दोष ढूँढ़नेवाला ।

iii) सिर से पैर तक ।

iv) जिसका वर्णन न हो सके ।

ङ) निम्नलिखित शब्द रूपों में से किसी **एक** का वचन और विभक्ति लिखिए : 1 + 1 = 2

i) सर्वस्मिन्

ii) जगताम्

iii) सरिति ।



HSC.co.in

च) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : 1 + 1 = 2

i) फेल होने की खबर सुनकर उसका चेहरा गिर गया ।

ii) माँ की आज्ञा के अनुकूल वह सो गया ।

iii) उपरोक्त तथ्य मेरे विचार में ठीक हैं ।

iv) अनेकों तीर्थयात्री अपने अपने घरों से आज निकल रहे हैं ।

5\. क) करुण रस **अथवा** शान्त रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । 2



HSC.co.in

ख) अनुप्रास **अथवा** श्लेष अलंकार का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए । 2

ग) सोरठा **अथवा** कुण्डलिया छन्द का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए । 2

6. समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर न्यायालय में लिपिक पद पर नियुक्ति हेतु जिलाधिकारी/ जिला जज को एक आवेदन-पत्र लिखिए । 6

**अथवा**

अपने मुहल्ले में फैली गन्दगी की सफाई कराने हेतु नगरपालिका अध्यक्ष को एक शिकायती पत्र लिखिए ।



HSC.co.in

7. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए : 9

i) पर्यावरणीय शिक्षा का महत्व एवं उपयोगिता

ii) मेरा प्रिय कवि

iii) ऐतिहासिक महत्व के स्थान का आँखों देखा वर्णन

iv) साहित्य और समाज का घनिष्ठ सम्बन्ध

v) जीवन में योग का महत्व ।

**305(MZ) - 2,90,000**

HSC.co.in